# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन आज जाएंगी धनबाद, आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि होंगी शामिल।
2. झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुझाव पर यह सत्र कृषि एवं कृषकों को समर्पित।
3. गुमला में कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रहीं मुख्य अतिथि, कहा–तकनीक से सशक्त होंगे किसान, योजनाओं के जरिये मिल रहा अनुदान।
4. दुमका में बाबा बासुकीनाथ धाम का श्रावणी मेला बना पूरी तरह डिजिटल, मंदिर परिसर में सभी सेवाओं के लिए क्यूआर कोड से भुगतान, कांवरियों और दुकानदारों ने डिजिटल लेनदेन को बताया सरल।
5. मौसम विभाग ने 4 अगस्त तक भारी बारिश का जारी किया यलो अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ वज्रपात की जताई संभावना।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन यानी आज धनबाद के आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्यपाल संतोष गंगवार और राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे। समारोह में कुल 1880 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी।

********************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज शुरू हो रहा है, जो सात अगस्त तक चलेगा और इसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। सत्र की शुरुआत दिवंगत विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और राज्यपाल की सहमति प्राप्त विधेयकों को सदन में प्रस्तुत करने से होगी। चार अगस्त को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा और इसके बाद राजकीय विधेयकों और गैर सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बताया कि मुख्यमंत्री के सुझाव पर सत्र को कृषि एवं कृषक को समर्पित करने पर सहमति बनी है।

********************

गुमला में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने की सरकार की मंशा पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना और कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत किसानों को अनुदान आधारित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

********************

दुमका जिले की सिमरा, आसनबनी और बांकीजोर पंचायतों में कल वित्तीय समावेशन विशेष अभियान के तहत जागरूकता और सेवा शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न केंद्र सरकार की बीमा और पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाएं पहुँचाना है।

********************

चाईबासा जिले के खूंटपानी प्रखंड की एक युवती को मानव तस्करी का शिकार बनाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने उसे पंजाब से सकुशल बरामद कर घर वापस लाया। परिजनों की शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और पुलिस की मदद से उसे छुड़ाया गया और दोषी के खिलाफ मानव तस्करी का मामला दर्ज किया गया है।

********************

दुमका का विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम मेला इस बार पूरी तरह डिजिटल मोड में संचालित हो रहा है। मंदिर में दान, पुरोहित को दक्षिणा, खरीदारी या किसी अन्य सुविधा के लिए हर जगह क्यूआर कोड की मदद से डिजिटल भुगतान हो रहा है। कांवरियों और दुकानदारों ने डिजिटल लेनदेन को आसान, सुरक्षित और भरोसेमंद

बताया है। मंदिर के पुरोहितों ने भी बताया कि अब जजमान डिजिटल दक्षिणा देना अधिक पसंद कर रहे हैं, जिससे लेनदेन पारदर्शी और सुविधाजनक हुआ है।

*******************

रांची जिले के राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहें हैं।

*******************

जामताड़ा के कर्माटांड़ थाना क्षेत्र में सीएसपी संचालक से लूट मामले का उद्‌भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक दोपहिया वाहन और 7 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

*******************

मौसम विभाग ने आज से 4 अगस्त तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई है। उत्तर–पूर्वी जिलों देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, धनबाद और जामताड़ा के साथ–साथ रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में भी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में मेघगर्जन और 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा और वज्रपात की संभावना को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति के झारखंड दौरे और विधानसभा के मानसून सत्र की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– विधानसभा का मानसूत्र सत्र आज से, छह को अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा।

दैनिक भास्कर लिखता है–झारखंड की पहली 400KV ट्रांसमिशन लाईन तैयार, छह अगस्त को ट्रायल, 15 के बाद पतरातू से मिलने लगेगी 680 मेगावाट बिजली।

हिंदुस्तान ने सरना झंडा लगाने को लेकर दो गुटों में विवाद, धक्का–मुक्की को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर अब खराब मौसम या कम दृश्यता में भी होंगी सुरक्षित लैंडिंग।

*************